तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन



# शाला ध्वनि

# KVS News

January - March 2024

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केवीएस ने भारत बिल पेमेंट सिस्टम के माध्यम से फीस जमा करने की सुविधा प्रदान की

***केवीएस ने भारत बिल पेमेंट सिस्टम के माध्यम से फीस जमा करने की सुविधा प्रदान की गई। विद्यार्थियों की फीस का भुगतान अब भारत बिलपे-सक्षम ऐप जैसे गूगलपे, फोनपे और अमेजन पे आदि के माध्यम से भी किया जा सकता है।***



**नई दिल्ली:** केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने जनवरी 2024 से स्कूल फीस के भुगतान के लिए भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) को सफलतापूर्वक अपना लिया है। इस कदम से, केवीएस ने विभिन्न बैंकों और एनबीएफसी के साथ-साथ गूगल पे, फोनपे और अमेज़न पे सहित 400 अतिरिक्त प्लेटफार्मों के साथ पूरे केवीएस समुदाय के लिए शुल्क भुगतान विकल्पों का विस्तार किया है।

इस परिवर्तन के साथ, देश भर के केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ रहे 14 लाख से अधिक विद्यार्थियों के माता-पिता को भीम यूपीआई और अन्य भारत बिल-पे-सक्षम ऐप जैसे फोनपे, गूगल पे आदि के माध्यम से स्कूल की फीस का भुगतान करने की सुविधा होगी। केवीएस को शिक्षा शुल्क बिलर के रूप में जोड़ना, भारत के शैक्षिक परिदृश्य में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ाने हेतु बीबीपीएस (भारत बिल भुगतान प्रणाली) के दायरे का विस्तार करने के भारतीय रिजर्व बैंक के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

यह कदम भारत सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'डिजिटल इंडिया' पहल का एक हिस्सा है, जो आधुनिक वित्तीय समाधानों की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे शुल्क भुगतान प्रक्रिया माता-पिता के लिए अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल हो जाएगी। इस पहल का उद्देश्य केन्द्रीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को फीस भुगतान के लिए आसान ऑनलाइन सुविधाओं तक पहुंचने में मदद करना है।

2013-14 तक, सभी केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा शिक्षकों द्वारा शुल्क लिया जाता था। शैक्षणिक वर्ष 2014-15 से, केवीएस ने देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में शुल्क जमा करने के लिए एक ऑनलाइन समाधान शुरू किया था। भारत बिल भुगतान प्रणाली के साथ एकीकरण के बाद, अब शुल्क जमा करने की प्रक्रिया और भी आसान होने के साथ-साथ उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल हो गई है। यह कदम भारत की सबसे बड़ी स्कूल श्रृंखलाओं में शुमार केन्द्रीय विद्यालय संगठन के फीस भुगतान के डिजिटल परिवर्तन में एक मील का पत्थर है।



# महामहिम राष्ट्रपति के संग दिल्ली मेट्रो में अनोखा सफर



महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 7 फरवरी 2024 को केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ दिल्ली मेट्रो में सफर किया। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय दिन बन गया। सफर के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की और आकांक्षाओं को भी सुना। माननीय राष्ट्रपति ने दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर केन्द्रीय सचिवालय स्टेशन से नेहरू प्लेस स्टेशन तक यात्रा की।। इस सफर में उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी राष्ट्रपति जी के समक्ष अपनी बाल जिज्ञासाएं रखीं। इसी मौके पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वाले आगंतुकों के लिए केन्द्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन और अमृत उद्यान के बीच शटल बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।





# भारत के गगनयान मिशन के लिए नामित हुए के.वि. के पूर्व विद्यार्थी अजीत कृष्णन

मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी को भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन में शामिल होने वाले चार एस्ट्रोनॉट्स के नामों का ऐलान किया, जिनमें एस्ट्रोनॉट्स ग्रुप कैप्टेन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टेन अंगद प्रताप, विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टेन अजीत कृष्णन शामिल हैं। इन चारों एस्ट्रोनॉट में ग्रुप कैप्टेन अजीत कृष्णन केन्द्रीय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी हैं। वे वर्ष 1999 में केन्द्रीय विद्यालय एयरफोर्स स्टेशन, येलहंका, बेंगलुरु से उत्तीर्ण हुए। अजीत कृष्णन को वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जा चुका है। अजीत, श्रीमती देविका के पुत्र हैं, जो केंद्रीय विद्यालय की पूर्व अध्यापिका रह चुकी हैं। उन्होंने विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में सेवाएं दी और के.वि. बेंगलुरु से सेवानिवृत्त हुई।केन्द्रीय विद्यालय संगठन अजीत कृष्णन समेत उनके पूरे दल को इस मिशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

# प्रधानमंत्री ने किया 20 केन्द्रीय विद्यालयों के नए भवनों का उद्घाटन



जम्मू के मौलाना आज़ाद स्टेडियम में दिनांक 20 फरवरी 2024 को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक परियोजनाओं और विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न भागों में स्थित 20 केन्द्रीय विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। साथ ही पांच केन्द्रीय विद्यालयों के नए भवनों का शिलान्यास किया। केन्द्रीय विद्यालयों के सभी नए भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक सतत प्रयास है।



# श्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया के.वि. के नए भवन का भूमि पूजन

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 26 फरवरी 2024 को ओडिशा में केन्द्रीय विद्यालय, सुभद्रा क्षेत्र, एमसीएल के नए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा मंत्री को उनका चित्र बनाकर भेंट किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने विद्यालय के नए भवन के लिए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा मंत्री ने ओडिशा में के.वि. क्र. 2 अंगुल के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 4 मार्च 2024 को ओडिशा में के.वि. क्र. 2 अंगुल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि के.वि. का यह नया भवन स्थानीय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता को पूरा करेगा तथा शिक्षा की नई परिभाषा गढ़ेगा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा शिक्षण संस्थान से जुड़े तमाम लोगों को शुभकामनाएं दी।



# शिक्षा मंत्री ने किया छत्तीसगढ़ में 17 पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालयों का शुभारंभ

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 19 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साई के साथ रायपुर में 211 पीएम श्री विद्यालयों का उद्घाटन किया। इनमें छत्तीसगढ़ के 17 केन्द्रीय विद्यालय भी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान पीएम श्री योजना और केंद्रीय विद्यालयों पर लघु फिल्में भी दिखाई गईं।






# के.वि. हाथरस के नए भवन का उद्घाटन

16 मार्च 2024 के दिन मा. सांसद श्री राजवीर सिंह दिलेर और राज्य विधान सभा सदस्य श्रीमती अंजुला सिंह माहौर की मौजूदगी में हुआ केंद्रीय विद्यालय हाथरस भवन का उद्घाटन।

# के.वि. शाहदरा के नए भवन का उद्घाटन

16 मार्च 2024 को मा. सांसद श्री मनोज तिवारी द्वारा केंद्रीय विद्यालय शाहदरा, दिल्ली के नए भवन का उद्घाटन किया गया।



# के.वि. के विद्यार्थियों ने किया आगरा मेट्रो में पहला सफर




6 मार्च 2024 को मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता से वर्चुअल माध्यम से आगरा मेट्रो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल मेट्रो स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 आगरा कैंट के विद्यार्थियों को आगरा मेट्रो की पहली यात्रा में सफर करने का विशेष अवसर प्रदान किया गया, जहां उन्होंने ताजमहल स्टेशन से ताज ईस्ट स्टेशन तक यात्रा की। सभी विद्यार्थियों के लिए यह एक अविस्मरणीय पल था।



# के.वि के विद्यार्थियों ने कोलकाता में किया अंडर वॉटर मेट्रो में सफर

7 मार्च 2024 को, केन्द्रीय विद्यालय कमांड अस्पताल अलीपुर के विद्यार्थियों ने कोलकाता में देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो में यात्रा की। 6 मार्च 2024 को इस अंडरवाटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इस यात्रा ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और नवाचार के प्रयोगों से रूबरू कराया। यह मेट्रो सेवा पानी के नीचे चलने वाली देश की पहली मेट्रो सेवा है, जो कोलकाता में हुगली नदी के नीचे से होती हुई गुजरती है।

# प्रधानमंत्री को भेंट किया गया के.वि. शिक्षक द्वारा बनाया गया चित्र





25 फरवरी 2024 को केन्द्रीय विद्यालय जेतपुर के टीजीटी अध्यापक श्री गिरीश चौरसिया द्वारा बनाए गए AIIMS राजकोट चित्र को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उनके गुजरात दौरे के अवसर पर एक विशेष उपहार के रूप में प्रस्तुत किया। यह चित्र 300 GSM आर्ट शीट पर चारकोल और पेन का इस्तेमाल करके 36 घंटे की मेहनत से बनाया गया था। यह उपहार न केवल एक कलात्मक कृति था, बल्कि शिक्षक और प्रधानमंत्री के बीच विशेष सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक भी बना।




# के.वि.सं. मुख्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



8 मार्च 2024 को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के अविश्वसनीय योगदान का सम्मान किया गया। इस वैश्विक उत्सव के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय में इस पूरे दिन को महिलाओं के प्रति समर्पित किया गया। दिन की शुरुआत उत्साहजनक रूप से हुई, जिसके लिए के.वि.सं. के वरीय अधिकारियों ने कई कार्यक्रमों की योजना बनाई थी। मुख्यालय की समस्त महिला अधिकारियों और कार्मिकों को राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण कराया गया, जहां का मनोरम वातावरण सभी के लिए एक अनोखा अनुभव था। सभी महिलाओं ने इन यादगार पलों को अपने कैमरे में कैद किया। इसके उपरांत के.वि.सं. मुख्यालय में सभी महिलाओं के लिए एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें के.वि.सं. की मा. आयुक्त महोदया ने सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यालय के औपचारिक वातावरण से इतर यह दिन सभी महिलाओं के लिए आपस में घुलने-मिलने और एक-दूसरे को जानने का काफी अच्छा अवसर साबित हुआ। के.वि.सं. मुख्यालय में नारी शक्ति के सम्मान में एक अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसके अलावा देश भर के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और के.वि.सं. जीट में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

# PRASHAST: Education through Disability Screening in Kendriya Vidyalayas




Kendriya Vidyalayas (KVS) are demonstrating their commitment to student welfare through the implementation of PRASHAST, a Pre-Assessment Holistic Screening Tool aimed at streamlining disability screening from class I to XII. This innovative app has seen widespread adoption, with 31,174 teachers and 1,274,665 students already screened, out of an expected total enrollment of 1.4 million by the end of the academic session 2023-24. PRASHAST stands out for its user-friendly interface, employing simple language to capture the behavioral indicators of the 21 disabilities outlined in the Rights of Persons with Disabilities Act (RPwD) 2016. Moreover, it emphasizes the participation of regular teachers, special educators, counsellors, school heads, and school management committees, ensuring a comprehensive and inclusive screening process. By leveraging PRASHAST, KVS aims to prevent unscientific diagnoses and unnecessary labeling of children, thus fostering an environment conducive to holistic student development.

# YUVIKA: Bringing Advancement into Students' Lives!

In the heartlands of India, where the sun rises over fields and the sky stretches wide, a special opportunity twinkles like a distant star for the young minds of Kendriya Vidyalayas. Amidst the rustle of textbooks and the chatter of classrooms, a whisper spreads like wildfire: YUVIKA is coming. This isn't just any program—it's a gateway to the cosmos, a chance to touch the stars without leaving the ground.

YUVIKA (YUva VIgyani KAryakram) is a special program by the Indian Space Research Organization (ISRO) for school children studying in class 9th as of January 1, 2024, in schools located within the territory of India. ISRO is organizing the "Young Scientist Programme" (YUVIKA) to educate school children about space science, technology, and applications, encouraging them to pursue careers in STEM fields. The program targets students in rural areas and aims to raise awareness about advancements in science and technology.

This residential program will be of two weeks' duration from May 13, 2024, to May 24, 2024. The schedule will include invited talks, experience sharing by eminent scientists, experimental demonstrations, facility and lab visits, exclusive sessions for discussions with experts, practical, and feedback sessions. The program aims to select 350 students across the country and is planned at seven (07) centers of ISRO.

The Kendriya Vidyalaya Sangathan has disseminated this information to all Kendriya Vidyalayas across the country to encourage promoting and facilitating the registration of all class IX students for the YUVIKA 2024 program. A total of 21,438 students were registered from Kendriya Vidyalayas across the country. Out of the 350 students selected nationwide, 84 students from Kendriya Vidyalayas were chosen to participate in this two-week residential program.

# KVS Dynamic Training Initiatives For Future Leaders

As the academic year nears its end, a sense of closure fills the air, yet the training of educators persists. The training wing buzzes with activity, particularly focusing on newly recruited headmasters. The standout feature of the KVS training program is its innovative blended approach, which ensures a continuous learning experience.

In 2022, 169 new Headmasters joined, undergoing a rigorous 6-day Induction Course in January 2024 to excel in their roles. An invaluable resource, "Games for Children - Khel Tarang," was crafted during this course to enhance classroom experiences.

Following this, 234 newly recruited Vice Principals underwent a comprehensive induction course in February 2024 to equip them with effective leadership skills.

Capacity building for Balvatika teachers has been a priority since its inception in 2022-23. Training sessions were conducted by ZIETs Chandigarh, Gwalior, & Mumbai, focusing on child development, pedagogical skills, and NCF FS 2022, with resource persons from the Unmukh and Jaadui Pitara development teams.

Non-teaching staff also benefited from capacity-building programs led by faculty from ISTM, providing learning opportunities outside their usual office environment.

## Capacity Building Programmes of the Fourth Trimester
## Data of Training Programmes Conducted in the 4th Trimester
### (01 January 2024 to 31 March 2024)

| S. No. | Category | No. of Courses / Workshop | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| 1 | PRT, TGT, PGT | 182 | 22311 |
| 2 | Non-teaching Staff | 35 | 1780 |
| 3 | Principal, Vice Principal, HM | 32 | 1336 |





*Induction Course of Headmasters at ZIET Bhubaneswar*



*Training of Balvatika Teachers at ZIET Chandigarh*



*Induction Course of Vice Principals at ZIET Gwalior & ZIET Chandigarh*

# PRAYAAS 2023-24 Sparks Intellectual Exploration

PRAYAAS 2023-24 places the spotlight on developing the intellects of students in Classes IX to XI. In this scheme, it's not just about hitting the books but also about rolling up sleeves and diving deep into the realm of scientific principles. We believe in equipping our youth to confront the challenges of tomorrow with knowledge and innovation.

This means we're not solely focusing on textbooks; instead, we're weaving together the threads of Science, Technology, Engineering, Arts, and Mathematics (STEAM Education) to create a tapestry of understanding and creativity.

The National Council of Educational Research and Training (NCERT) has carefully reviewed a treasure trove of research proposals from 9 Kendriya Vidyalayas. The mission behind this initiative is to instill an invaluable quality - a research attitude - in our young, aspiring minds. Each of these visionary proposals has been presented with a grant of Rs. 50,000 to turn dreams into reality.



| S. No | Name of KV | Name of Student |
|---|---|---|
| 1. | KV IIT Indore, Madhya Pradesh | Anish Deshmukh |
| 2. | KV Nileshwar, Kerala | Ms Avanthika Jairaj<br>Ms Meera Gowri |
| 3. | Kendriya Vidyalaya, Thrissur, Kerala | Gayathri P. R<br>Azin Melvin |
| 4. | KV No 1 Chennai, Tamilnadu | Basundhara Jena,<br>G Sanchukta |
| 5. | KV CRPF Avadi, Chennai | Adhira Menon |
| 6. | KV AFS Akkulam, Thiruvananthapuram, Kerala | Mayookha S Diya Krishna |
| 7. | KV CLRI Chennai, Tamilnadu | T Keerthi Priya,<br>Akshita A Prajeesh |
| 8. | KV Kanchanbagh, Hyderabad | Divyanshi Nayak |
| 9. | KV Janakpuri, New Delhi | Jashkumar Sain<br>Jayant |

# KVS students excel in the

# INSPIRE Awards - MANAK

## 2023-24

Uncovering the power of innovation, KVS students have clinched spots in the INSPIRE Awards - MANAK 2023-24! This dynamic collaboration between the Department of Science & Technology (DST), Government of India, and the National Innovation Foundation – India (NIF) aims to ignite young minds aged 10-15 with a passion for scientific exploration and societal impact.

A total of 247 budding innovators from KVS have been handpicked to showcase their brilliance at the District Level Exhibition and Project Competition (DLEPC) for 2023-24. Each participant receives Rs. 10,000 to fuel the development of their groundbreaking projects and prototypes. Get ready to witness the future unfold as these young visionaries redefine innovation!

# Girls Spread Their Wings of Talent in the Music Realm




The talented team of 27 girls from the Pipe Band of KV MEG & Center, Bangalore, showcased their musical skills at the National Level Inter School Band Competition held at Major Dhyanchand National Stadium, New Delhi from 21-22 January 2024. They won third place in the Girls Pipe Band competition, beating tough competition.

Additionally, these children also witnessed Republic Day parade on 26.01.2024 at Rajpath, followed by the PPC 2024 at Bharat Mandapam.

# Veer Gatha 3.0: Young Artists gleam in National Defence-Education Collaboration

The Ministry of Defence, in partnership with the Ministry of Education, unveiled the Veer Gatha 3.0 initiative during the academic year 2023-24. This innovative project witnessed enthusiastic participation from students in classes 3 to 12 across Kendriya Vidyalayas (KVs) nationwide. Celebrating creativity and patriotism, 100 young talents were crowned champions, with 8 bright stars hailing from the Kendriya Vidyalaya Sangathan.

The winners were felicitated by the esteemed presence of the Hon'ble Minister of Defence and the Hon'ble Minister of Education, Government of India. Here are the standout achievers:

| S. No. | Name of Student | Name of KV | Category | Activity |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tushta Thiyam | KV Akampat Imphal | 3rd - 5th | Painting |
| 2. | Abha Sritami | KV No. 4 Bhubaneswar | 3rd - 5th | Painting |
| 3. | Rupashri Pradhan | KV Phulbani Kandhmal | 6th - 8th | Painting |
| 4. | Angela Heikrujam | KV Lamphelpet Imphal | 6th - 8th | Painting |
| 5. | B Chittswarupa | KV No.2 Sambalpur | 9th - 10th | Painting |
| 6. | Devdutta Thiyam | KV Akampat | 9th - 10th | Painting |
| 7. | Rituparno Roy | KV Khanapara Guwahati | 9th - 10th | Painting |
| 8. | Rajendra Singh | Kendriya Vidyalaya No. 1 Jodhpur | 11th -12th | Painting |

These talented kids didn't just paint pictures; they showed bravery and love for their country with their colorful artwork. Veer Gatha 3.0 proves how working together with the military and schools can help kids be creative and feel proud of them.

# केन्द्रीय विद्यालयों में खेल गतिविधियां

## राष्ट्रीय शालेय खेलकूद (NSG) प्रतियोगिता, 2023-24

SGFI द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता से पूर्व विभिन्न संभागों के केन्द्रीय विद्यालयों में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। KVS ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लेते हुए कई पदक जीते।

| S. No. | Discipline (Sports) | Achievement/ Medals | | | | Point achieved |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Gold | Silver | Bronze | Total | |
| 1 | Judo | 1 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 2 | Shooting | 1 | 4 | 5 | 10 | 16 |
| 3 | Swimming | 1 | 4 | 5 | 10 | 17 |
| 4 | Taekwondo | 3 | 6 | 10 | 19 | 31 |
| 5 | Tennis | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| 6 | Yogasana | 1 | 2 | 0 | 3 | 7 |
| | | **7** | **17** | **24** | **48** | **79** |

## योगासन प्रतियोगिता

67वीं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत योगासन आयु -14 वर्ष (बालक एवं बालिका) की प्रतियोगिताओं का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय संगठन जयपुर संभाग ने केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, जयपुर में 1 फरवरी से 4 फरवरी, 2024 तक किया। इस प्रतियोगिता में 29 राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ी, प्रशिक्षक और अधिकारी शामिल हुए। केन्द्रीय विद्यालय संगठन की टीम ने 1 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक जीतकर द्वितीय विजेता (तृतीय स्थान) का सम्मान प्राप्त किया।





## फुटबाल फॉर स्कूल कार्यक्रम

खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने और लोगों को बहुआयामी व्यक्तित्व में ढालने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और भारतीय खेल प्राधिकरण के निर्देशन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (के.वि.सं.) ने 'फुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, मुंबई संभाग के केंद्रीय विद्यालयों में 31 जनवरी, 2024 को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही, केन्द्रीय विद्यालय आईआईटी पवई, केन्द्रीय विद्यालय एएफएस ठाणे और केन्द्रीय विद्यालय कोलीवाड़ा (मुंबई) में महाराष्ट्र के 190 चयनित विद्यालयों को कुल 481 फुटबॉल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय विद्यालय संगठन के संयुक्त आयुक्त (शैक्षिक) श्री एनआर मुरली ने की।

# गणतंत्र दिवस
## केन्द्रीय विद्यालयों में उत्सव










74वें गणतंत्र दिवस का उत्सव सभी केन्द्रीय विद्यालयों में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया गया और उससे जुड़े इतिहास की जानकारी दी गई। कुछ विद्यालयों ने सांस्कृतिक झांकियों का आयोजन भी किया, जिसमें भारत की विविधता और एकता को दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों में राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर बल देते हुए राष्ट्र के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपना विश्वास जताया।

इसके अतिरिक्त, विदेश स्थित तीन केन्द्रीय विद्यालयों - मॉस्को, काठमांडू और तेहरान में भी गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाया गया। इन स्कूलों में भारतीय राजदूतावासों के अधिकारियों ने भी भाग लिया, तिरंगा फहराया और छात्रों के साथ मिलकर राष्ट्रगान गाया।

# कला उत्सव 2023-24

## केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया प्रतिभा का जलवा

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन और गांधी दर्शन स्मृति में 9 से 11 जनवरी 2024 तक एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कला उत्सव 2023-24 प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से दो विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीते।




## विजेताओं की सूचीः



1. जी. ऋषिका (क्लासिकल डांस, महिला) - प्रथम पुरस्कार, पीएमश्री के.वि. वाल्टेयर, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश।

2. बी. चित्तस्वरूपा (विजुअल आर्ट-2डी, महिला) - तृतीय पुरस्कार, के.वि. क्र. 2 संबलपुर, ओडिशा।



प्रतियोगिता में सभी 20 बच्चों को के.वि.सं. मुख्यालय में आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। आयुक्त ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। विजेताओं को गणतंत्र दिवस परेड देखने और प्रगति मैदान में आयोजित मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा 2024' कार्यक्रम में भाग लेने का भी अवसर मिला।

# राजभाषा कार्यान्वयन

## केन्द्रीय विद्यालय संगठन की सफलताएं एवं गतिविधियां



जनवरी से मार्च 2024 की तिमाही में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) मुख्यालय में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संपन्न हुईं। संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति द्वारा जनवरी माह में छह केन्द्रीय विद्यालयों, फरवरी माह में नौ केन्द्रीय विद्यालयों और मार्च माह में 10 केन्द्रीय विद्यालयों और जीट चंडीगढ़ का सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया।

जनवरी माह में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की तृतीय छमाही बैठक में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, झड़ौदा कलां, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राजभाषा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मुख्यालय के दो कार्मिकों ने पहला और पांचवां स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें नराकास दक्षिण दिल्ली-1 द्वारा पुरस्कृत किया गया।

फरवरी माह में संयुक्त आयुक्त (शैक्षिक) और वरिष्ठ अनुवादक/प्रभारी सहायक निदेशक (रा.भा) द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै के अधीनस्थ केन्द्रीय विद्यालय, अशोकनगर और केन्द्रीय विद्यालय, मिनम्बाक्कम का निरीक्षण किया गया। मार्च माह में वरिष्ठ अनुवादक/प्रभारी सहायक निदेशक (रा.भा) द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के अधीनस्थ केन्द्रीय विद्यालय, क्रमांक.3 नई छावनी, अमृतसर का निरीक्षण किया गया।

15 मार्च 2024 को संगठन मुख्यालय में सहायक अनुभाग अधिकारियों एवं वरिष्ठ सचिवालय सहायकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कंठस्थ 2.0 विषय पर जानकारी दी गई। इसके अलावा, 28 मार्च 2024 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 133वीं बैठक का आयोजन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# A chievements




## अंतरराष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग में के.वि. के छात्र

केन्द्रीय विद्यालय बोन्डामुन्डा के अनीश ओराम और अतुल ओराम ने अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जहां अनीश ने 51 कि.ग्रा वर्ग में जीत हासिल की तो वहीं अतुल ने 47 कि.ग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।




## वंशिका ने जीता स्वर्ण पदक

पीएमश्री के.वि. सीआर सोलापुर की विद्यार्थी वंशिका ने एसजीएफआई द्वारा आयोजित 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में एक मीटर स्प्रिंग डाइविंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया।



## शाबाश! लव्यांश ने जीते कई पुरस्कार

पीएमश्री के.वि. एनएफसी विज्ञान विहार के विद्यार्थी लव्यांश ने चेन्नई में हुई 61वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किया। इसी के साथ उन्हें स्पेन, पुर्तगाल और जर्मनी में आयोजित होने वाली यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए भी चुन लिया गया।



## KV No. 1 Gwalior Student Swastika Clinches Gold

Verabelli Mahathi, student of sports hostel in KV No. 1 Gwalior won Silver Medal in the team event of shooting competition at the 67th National School Games organized by SGFI.



## नीलम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पीएमश्री के.वि. क्र. 1 रीवा में कक्षा 11वीं की छात्रा नीलम ने राष्ट्रीय स्तर पर बीआईएस मल्टीलेवल क्विज़ स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। भोपाल में आयोजित बीआईएस स्थापना दिवस के अवसर पर उन्हें ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## मेहनत हमेशा रंग लाती है

पीएमश्री के.वि जेएनयू एनएमआर दिल्ली के विद्यार्थी देव बिधुड़ी ने राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित हुए एसजीएफआई अंडर-19 जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।



## के.वि. धमतरी की विद्यार्थी स्वास्तिका ने अपने नाम किया स्वर्ण पदक

के.वि. धमतरी की छात्रा स्वास्तिका सिंह ने एसजीएफआई द्वारा आयोजित 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में 10 मीटर ओपन साइट एयर राइफल शूटिंग (अंडर-19 बालिका) प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। हार्दिक बधाई।



## हर्षित ने जीता स्वर्णिम गौरव

के.वि अर्जुनगढ़ के विद्यार्थी हर्षित ने एसजीएफआई के अंतर्गत आयोजित जूडो (अंडर-17) प्रतियोगिता में 90 कि.ग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय और दिल्ली संभाग को गौरवान्वित किया।



## श्रेय ने किया पूरे देहरादून संभाग को गौरवान्वित

देहरादून संभाग के के.वि. गोपेश्वर में कक्षा 7वीं के विद्यार्थी श्रेय किमोठी ने मध्य प्रदेश के बैतूल में आयोजित एसजीएफआई स्कूल खेलों के अंतर्गत ताइक्वांडो प्रतियोगिता (अंडर-14, बालक) में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



## ओरछी ने जीता रजत पदक

के.वि. ओएनजीसी नजीरा (गुवाहाटी संभाग) की विद्यार्थी ओरछी ने एसजीएफआई द्वारा आयोजित किए गए 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में ताइक्वांडो (अंडर-14 बालिका) स्पर्धा में रजत पदक जीता।



## Shaurya's dedication and victory are truly commendable

Shaurya J S of KV RWF, Bengaluru Region, Class X, on seized the Gold Medal in Taekwondo Under 17 (41 to 45 weight Category) at the 67th SGFI meet 2023 held in Betul, M.P.



## कोमाक्षी की उपलब्धि ने किया सबको प्रेरित

कोमाक्षी ने के.वि शालीमार बाग नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्य प्रदेश के बैतूल में आयोजित एसजीएफआई ताइक्वांडो (अंडर-14, बालिका) में रजत पदक हासिल किया।




## अंशिका पटेल ने शूटिंग में रजत पदक जीता

के.वि. क्र.1 एसटीसी जबलपुर की अंशिका पटेल ने एसजीएफआई द्वारा आयोजित 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेल में अंडर-19 शूटिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया।



## अक्षज ने अपने नाम किये दो पदक

के.वि एमईजी एंड सेंटर बेंगलुरु में कक्षा 8वीं के विद्यार्थी अक्षज ठाकुरिया ने 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के तहत तैराकी (अंडर-14 बालक) में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 50 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में कांस्य पदक जीता।



## Three medals won by Pahi

Pahi Bohra student of Dr. Rajendra Prasad KV President's Estate for winning 1 Silver Medal in 100m Br. stroke and 2 Bronze Medals in 200m & 50m Br. stroke at the ongoing 67th National School Games organized by SGFI. She has qualified for KIYG-24.



## Young Student Wins Drone Competition

Darsh Koria, KV Khanapara Student of Class VIII competed with college level students and bagged Gold Medal in the 'Drone Simulation Competition' at the North East Startup & Entrepreneur's Conclave, Guwahati.



## के.वि. धमतरी की काजल ने एसजीएफआई प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

के.वि. धमतरी की काजल साहू ने भोपाल में आयोजित एसजीएफआई खेलों के अंतर्गत 10 मीटर के एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा (अंडर-19 बालिका) में कांस्य पदक जीता। शुभकामनाएं।



## Sreyashi Chakraborty Wins Table Tennis Bronze

Sreyashi Chakraborty of Kendriya Vidyalaya Kunjaban, Silchar Region bagged Bronze medal in Women's Table Tennis Singles at the ongoing 3rd North East Games 2024 in Nagaland.



## Proud moment for KV MEG student won Bronze

Chaitra S Prasad of KV MEG & centre, Bengaluru Region, got Bronze Medal at 67th SGFI meet 2023 in Diving Spring board 3 meter Under 17 Girls.



## Mahi Wins Taekwondo Bronze

Mahi Karki of PM SHRI Kendriya Vidyalaya Happy Valley, Shillong (Silchar Region) bagged bronze medal in the Taekwondo Event (Senior, Male, U-48 Kg category) at the ongoing 3rd North East Games-2024 in Nagaland.



## Shining star Aria Won Bronze Medal

Aria d'souza student of KV NDA Khadakwasla Pune for winning Bronze Medal in Taekwondo at the ongoing 67th National School Games organized by SGFI.



## Best digital photograph award received by KV TGT

Mr. Anutosh Deb, TGT (Art Education) at PM SHRI Kendriya Vidyalaya Khanapara, Guwahati, achieves 'First Rank for the Month of November 2023' in the Wikimedia Commons: Photo Challenge. His digital photograph 'Through the flooded street on a bicycle' won the hearts of voters worldwide.



## Champion Himanshu made proud KV ISP Nasik with his talent


Himanshu deshmukh student of KV ISP Nasik Road for winning Bronze Medal in Archery Event at the ongoing 67th National School Games organized by SGFI.



## Young Badminton Star Dominates Assam Tournament

Sumorita, 11, our star badminton player, emerged as the winner (champion) in both women's doubles and mixed doubles at the All Assam Badminton Tournament held at Kushal Konwar Indoor Stadium, Jorhat from 24.02.2024 to 26.02.2024.





## के.वि. के स्टार किड रितुपर्णो का लाखों छात्रों में चयन

पीएमश्री के.वि. खानापारा गुवाहाटी में 10वीं कक्षा के विद्यार्थी रितुपर्णो रॉय को वीरगाथा 3.0 पेंटिंग प्रतियोगिता में सुपर 100 विजेताओं में चुना गया। इसके पहले वह देश के कुल 1.37 करोड़ विद्यार्थियों में से चुने गए थे। इस उपलब्धि के लिए उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह-2024 में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।



## Riniki Kasyap Shines with Medals

Riniki Kasyap, a student of Class- 7 of our KV No. 4 Tezpur has brought gold and a silver medal.



## एंजेला ने वीरगाथा 3.0 पेंटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई

के.वि. क्र.1 इंफाल की 8वीं कक्षा की छात्रा एंजेला ने वीरगाथा 3.0 में 100 विद्यार्थियों को मात देते हुए उल्लेखनीय पेंटिंग के लिए प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। उन्हें 26.01.2024 को दिल्ली में हुए गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मा. रक्षा मंत्री द्वारा 10,000/- रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।



## श्री अनिल कुमार शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

श्री अनिल कुमार शर्मा, केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.) में कार्यरत वरिष्ठ सचिवालय सहायक ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(नराकास दक्षिण दिल्ली-1) के सदस्य कार्यालयों के लिए आयोजित राजभाषा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया



## KV Dibrugarh Student Wins Taekwondo Gold!

Bhargavi Sonowal, a student of class XI in Humanities at KV Dibrugarh in the KVS Tinsukia Region, secured the Gold in Taekwondo at the Khelo India Women's League 2024.



## Young Poet Enters India Records

Nikith Vinod, student of class 4 at PM SHRI KV Ganeshkhind, Pune has secured a place in the prestigious 'India Book of Records' for writing maximum poems. He has published a book titled 'Unlock My Imagination' just at the age of 8 years.



## Golden Glory by Harshit

Harshit from KV Arjangarh, Delhi Region clinched the Under 17 Judo Gold Medal in the-90kg category.




## Dehradun Students Excel in Green Olympiad

Nandita Sharma of PM SHRI KV No 1, Hathibadkala, Dehradun and Suryansh Sethi of KV ONGC, Dehradun Region are the top Scorer of Level 3 & Level 4 in Green Olympiad 2023 conducted by TERI, Ministry of Environment, Forest and Climate change.



## In artistic pair event Riya won Gold

Riya of PM Shri KV No. 2 GCF Jabalpur got a gold medal in the artist pair event in ASMITA Khelo India women's league 2023–24.



## Green Award for eco-friendly practices

PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1 Ordnance Factory, Katni (MP) has been awarded with GSP GREEN Award 2023-24 by Centre for Science & Environment in the Changemaker category. Kudos for outstanding efforts in promoting eco-friendly practices.



## एकल गीत प्रतियोगिता में यश ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

के.वि. व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में कक्षा 11वीं के यश साह ने राज्य स्तरीय विश्व प्रदर्शन कला चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा साबित की।



तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन


©Kendriya Vidyalaya Sangathan

Shaala Dhwani Newsletter

Issue: January-March 2024

-----------------------------------

Patron: Nidhi Pandey, Commissioner, KVS

Editor: Ajeeta Longjam, Joint Commissioner (Admin-1)

Editorial Incharge: Sachin Rathore, Assistant Editor

-----------------------------------

Published by Ajeeta Longjam, Joint Comissioner (Admin-1) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.

-----------------------------------

Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaaladhwani@gmail.com